अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 9 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO. 6: MIDDLE

# टीम कोड रेड को मिला प्रथम पुरस्कार



बरेली (वि)। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में मंगलवार को दो दिवसीय साइबर हैक हैकार्थान का समापन हुआ। एसआरएमएस सीईटी की टीम कोड रेड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। सीईटीआर की टीम साइलेंट शेल दूसरे स्थान पर रही। टीम को 15000 रुपये दिए गए। सीईटीआर की टीम कंट्रोल सीवी ने तीसरा स्थान हासिल करके 11000 रुपये का इनाम प्राप्त किया। सीईटी की टीम बाइटरश और संयुक्त टीम कोड नोवा को 5000-5000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार मिला। संयोजक मानवी मिश्रा ने बताया कि इसमें देश भर से कुल 50 टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा चुनौतियों पर सुरक्षा-आधारित समाधान प्रस्तुत किए। सहायक प्रोफेसर इमाना अजरम, विशाल गौड़, उदित नारायण गौड़, इफाम हुसैन जैदी, अर्जुन कालरा, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना व अन्य मौजूद रहे।